**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी शिमला**
**29.10.2025/प्रादेशिक समाचार/19.45 बजे**

**मुख्य समाचार**

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने केन्द्र से इस वित्त वर्ष की शेष अवधि के लिए प्रदेश की ऋण सीमा में 2 प्रतिशत वृद्धि का किया आग्रह।
- राज्यपाल ने कुल्लू और चम्बा जिलों के आपदा प्रभावितों को भेजी आवश्यक राहत सामग्री–कहा–मांग के आधार पर और दी जाएगी सहायता।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने विकास के मामले में सरकार पर भाजपा विधायकों के क्षेत्रों से भेदभाव का लगाया आरोप।
- प्रदेश भाजपा सचिव तिलक राज शर्मा ने कहा–सरकार की अनदेखी के चलते पांगी घाटी के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से इस वित्त वर्ष की शेष अवधि के लिए प्रदेश की ऋण सीमा में दो प्रतिशत वृद्धि करने का आग्रह किया है। उन्होंने आज नई दिल्ली में वित्त मंत्री से भेंट के दौरान कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों से हालांकि प्रदेश के राजस्व में वृद्धि हो रही है लेकिन राजस्व घाटा अनुदान में नियमित कमी और प्राकृतिक आपदाओं के कारण हुए नुकसान के चलते प्रदेश की वित्तीय स्थिति पर अत्यंत नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में पिछले तीन वर्षों में प्राकृतिक आपदा के कारण लगभग 18 हजार करोड़ रूपए का नुकसान आंका गया है। उन्होंने केन्द्रीय वित्त मंत्री से आग्रह किया कि प्रदेश की कठिन परिस्थितियों के चलते हिमाचल को उदार वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाई जाए।

**आग्रह**
इस बीच मुख्यमंत्री ने केन्द्र से अगले मॉनसून सीजन से पहले प्रदेश में एक सौ 50 स्वचालित मौसम केन्द्र और किन्नौर में एक डॉपलर वैदर रडॉर स्थापित करने का आग्रह किया। उन्होंने नई दिल्ली में विज्ञान व प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह से भेंट के दौरान ये मांग रखी और कहा कि इन प्रणालियों से आपदा की अग्रिम चेतावनी का लाभ मिल सकेगा।

**राज्यपाल**
राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज राजभवन शिमला से कुल्लू और चम्बा जिलों के आपदा प्रभावितों के लिए आवश्यक राहत सामग्री से भरे दो वाहनों को रवाना किया। राहत सामग्री में तिरपाल, कम्बल सहित अन्य आवश्यक सामान शामिल है। राज्यपाल ने कहा कि यदि आवश्यक हुआ तो जिला प्रशासन और स्थानीय प्रतिनिधियों की मांग के आधार पर अतिरिक्त सहायता भेजी जाएगी।

***रेड क्रॉस अपने आप में सहायता के लिए करने की एक संस्था है और राजभवन प्रयत्न ये करेगा कि अपने राज्य के अंतर जहां भी इस प्रकार की आपदा की स्थिति आए या जरूरतमंदों की स्थिति है उसके लिए राजभवन से हमेशा समान जाता रहेगा। ये जो गाड़ियां गई है चंबा और कुल्लू इन दो स्थानों पर भेज रहे हैं। वहां के प्रशासन के मांग के आधार पर, वहां के जनप्रतिनिधियों के मांग के आधार पर, अगर वह और मांगेंगे तो हम और निश्चित रूप से भेजने का काम करेंगे।***

राज्य सरकार द्वारा मुख्य सचिव और डीजीपी के पदों पर कार्यकारी नियुक्ति को लेकर भेजे गए एक पत्र के जवाब में राज्यपाल ने कहा कि सरकार को बड़े पदों पर सक्षम और सही अधिकारियों की ही नियुक्ति करनी चाहिए।

**शिक्षा मंत्री**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लक्ष्य को हासिल करने के लिए शिक्षा क्षेत्र में व्यापक सुधार किए जा रहे हैं। सिरमौर जिले के राजकीय विद्यालय भनोग में आज वार्षिक समारोह में उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के सुधारवादी निर्णयों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। रोहित ठाकुर ने बताया कि सरकार की विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं से 87 हजार से अधिक विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया है।

**धर्माणी**

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि शिक्षा के साथ–साथ खेल, सांस्कृतिक और सहपाठ्यक्रम गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाती है। वे आज बिलासपुर जिले में घुमारवीं क्षेत्र के दधोल में स्कूली विद्यार्थियों की जिला स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता के शुभारम्भ पर बोल रहे थे। धर्माणी ने कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से जब बच्चे मंच पर प्रदर्शन करते हैं तो उनमें आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति की भावना का विकास होता है।

**अनिरूद्ध सिंह**

ग्रामीण विकास मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने आज कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र की बलोग और जनेढ़घाट पंचायतों में 5 सड़कों की आधारशिला रखी। उन्होंने बताया कि कसुम्पटी क्षेत्र में 2 सौ नए विद्युत ट्रांसफार्मर स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है जिन्हें चरणबद्ध तरीके से स्थापित किया जा रहा है।

**जयराम**

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर भाजपा विधायकों के क्षेत्रों से विकास के मामले में भेदभाव का आरोप लगाया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता का सरकार के प्रति अविश्वास लगातार बढ़ता जा रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि चुनी हुई सरकार और उसके प्रतिनिधियों की जिम्मेदारी बनती है कि वे हर जगह जनसमस्या सुनने के लिए जाए लेकिन वर्तमान सरकार की ये प्राथमिकता नहीं है। उन्होंने ये भी आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार केवल अपने चहेते ठेकेदारों को भुगतान कर रही है जबकि बाकी ठेकेदारों को प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मण्डी के बाद अब कांगड़ा जिले में भी बड़े स्तर पर ठेकेदारों के साथ भेदभाव और काम के बदले भुगतान न होने की बातें सामने आ रही हैं।

**तिलक राज**

प्रदेश भाजपा सचिव तिलक राज शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार की अनदेखी के चलते चम्बा जिला की पांगी घाटी के लोग मूलभूत सुविधाओं से अब तक भी वंचित है। उन्होंने आकाशवाणी को बताया कि घाटी में सड़कों व संचार सुविधा की हालत दयनीय है और शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र में स्टाफ की कमी के चलते लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। तिलक राज शर्मा ने सरकार से पांगी को विशेष योजना क्षेत्र में लाकर स्थानीय जनता की मूलभूत समस्याओं के जल्द समाधान का आग्रह किया है।

**जनगणना**

मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने आज शिमला में जनगणना 2027 की तैयारियों की समीक्षा की। इस बैठक में जनगणना कार्य निदेशालय की निदेशक दीप शिखा शर्मा ने जनगणना 2027 के लिए डिजिटल रोड़मैप और संचालन ढांचे की रूपरेखा का ब्यौरा दिया। बैठक के दौरान सभी संबंधित विभागों ने डिजिटल जनगणना के लिए पूर्ण समर्थन और सहयोग का आश्वासन दिया है।

**गोमा**

आयुष और युवा सेवाएं व खेल मंत्री यादविन्द्र गोमा ने आज कांगड़ा जिले में जयसिंहपुर क्षेत्र के सोलबनेहड़ में खेल परिसर के शिलान्यास सहित जलशक्ति विभाग के मण्डल कार्यालय भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि जयसिंहपुर क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान और स्थानीय विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। गोमा ने बताया कि सोल बनेहड़ में वर्तमान सरकार के कार्यकाल में ही डेढ़ करोड़ रूपए की लागत से राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूल बनकर तैयार हो जाएगा।

**दिशा समिति**

सांसद कंगना रणौत ने अधिकारियों को विकास कार्यों को गति देने और इनमें पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। मण्डी में आज जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति की बैठक में उन्होंने पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों को भी आगे बढ़ाने पर बल दिया ताकि योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि समिति का उद्देश्य विकास परियोजनाओं की गति और गुणवत्ता में सुधार लाना है ताकि जनता को अधिकतम लाभ मिल सके। इस दौरान कंगना रणौत ने संसदीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की भी अध्यक्षता की और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करने पर बल दिया।

**<u>मुख्य समाचार एक बार फिर</u>**

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने केन्द्र से इस वित्त वर्ष की शेष अवधि के लिए प्रदेश की ऋण सीमा में 2 प्रतिशत वृद्धि का किया आग्रह।
- राज्यपाल ने कुल्लू और चम्बा जिलों के आपदा प्रभावितों को भेजी आवश्यक राहत सामग्री—कहा—मांग के आधार पर और दी जाएगी सहायता।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने विकास के मामले में सरकार पर भाजपा विधायकों के क्षेत्रों से भेदभाव का लगाया आरोप।
- प्रदेश भाजपा सचिव तिलक राज शर्मा ने कहा—सरकार की अनदेखी के चलते पांगी घाटी के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित।